प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 27 जनवरी, 2014

- राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के थल, जल एवं नभ सेना के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया

- विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल से भी भेंट की

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के थल, जल एवं नभ सेना के अधिकारियों के उच्च स्तरीय दल ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। सेना के इन अधिकारियों ने विधानसभा के सभा भवन, पुस्तकालय, सेन्ट्रल हॉल, समिति कक्षों एवं प्रेक्षागृह का अवलोकन किया।

विधानसभा अवलोकन पश्चात् सेना के इन अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने उनसे राज्य की सामाजिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों पर चर्चा की एवं छत्तीसगढ़ के विकास के विभिन्न आयामों से उन्हें अवगत कराया। विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने उनसे विधानसभा के प्रमुख कार्यों, यहां के नियम एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि तीनों सेनाओं का दल विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर वहां की राजनैतिक, सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर केन्द्र सरकार को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। यह प्रवास उसी से संबंधित था।

उच्च स्तरीय दल में मेजर जनरल श्री पी.के. मल्लिक, टूर को-आर्डिनेटर श्री नवीन कुमार, एयर कमोडोर श्री एस.प्रभाकर, ब्रिगेडियर श्री संदीप महाजन, कमोडोर श्री अनिल जोस जोसेफ, कर्नल श्री विलियम डगलस हॉल (यू.एस.ए.), ब्रिगेडियर श्री एम.वी.एस. कुमार, एयर कमोडोर श्री बी. चन्द्रशेखर, ब्रिगेडियर श्री अनिल पुरी, श्री अरूण श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर श्री पी.एस. बहल, ब्रिगेडियर श्री संजय गुप्ता, ब्रिगेडियर जनरल श्री देब कुमार सुबेदी (नेपाल) एवं ब्रिगेडियर श्री मबाजी अब्दुल म्यूसया (तंजानिया) शामिल थे।

अंत में मेजर जनरल पी.के. मल्लिक ने विधानसभा प्रवास एवं चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।